# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक-01.05.2025**

**स्वाट टीम व थाना रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 12 घण्टे के अन्दर प्रत्युष मर्डर का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद-**

दिनांक 30.04.2025 की रात्रि को थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ददौरा आम के बाग में प्रत्युष पुत्र बेलार निवासी ग्राम बनका खडियार रोड थाना नयापाड़ा जनपद नयापाड़ा, उड़ीसा का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। वादी श्री नरेन्द्र सेट्टी पुत्र पारस सेट्टी निवासी ग्राम बनका खडियार रोड थाना नयापाड़ा जनपद नयापाड़ा, उड़ीसा की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 204/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आज दिनांक 01.05.2025 को स्वाट टीम व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त छोटू पुत्र सप्रु मांझी निवासी कल्यानपुर जनपद नयापाडा, उड़ीसा हालपता विजय चन्देल ईंट भट्ठा ग्राम ददौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को तालपाल पुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद चापड़ बरामद किया गया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि मृतक प्रत्युष व अभियुक्त छोटू उड़ीसा प्रान्त के रहने वाले है तथा विजय चन्देल ईंट भट्ठा ग्राम ददौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी पर मजदूरी करते थे। अभियुक्त छोटू ईंट भट्ठा पर काम करने वाली एक लड़की से बातचीत करता था तथा मृतक प्रत्युष भी अक्सर उसी लड़की से बातचीत करता था इसी बात को लेकर अभियुक्त, प्रत्युष को मना करता था फिर भी मृतक उसी लड़की से बात करता था। अभियुक्त, मृतक से रंजिश रखने लगा। दिनांक 30.04.2025 को अभियुक्त छोटू, मृतक प्रत्युष को मेला दिखाने के बहाने ले गया था जहां पर दोनों लोगों ने साथ में शराब पी। उसके बाद अभियुक्त, मृतक को ग्राम ददौरा में आम के बाग में ले गया। मृतक शराब के अत्याधिक नशे के कारण वहीं पर लेट गया उसी समय अभियुक्त द्वारा भट्ठे से चापड़ लाकर मृतक पर वार करके हत्या कर दी और शव को वहीं पुआल के पीछे छिपाकर चला गया।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

छोटू पुत्र सप्रु मांझी निवासी कल्यानपुर जनपद नयापाडा, उड़ीसा हालपता विजय चन्देल ईंट भट्ठा ग्राम ददौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

आलाकत्ल 01 अदद चापड़

**<u>पुलिस टीम-</u>**

**<u>स्वाट टीम-</u>**

1. निरीक्षक श्री ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
3. उ0नि0 श्री अजीजुल हसन

4. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़
5. हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव,
6. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
7. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

**<u>थाना रामनगर-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना रामनगर श्री अनिल कुमार पाण्डेय
2. अति0 निरीक्षक श्री राज बहादुर सरोज
3. उ0नि0 श्री उमेश यादव
4. का0 सूर्यप्रताप यादव